## प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष–2023

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **सत्यनारायण (आर०ए०एस०)**

प्रकरण संख्या – 02/2023

अनवान : –

1. इन्द्रपाल पुत्र मनीराम जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।

–**प्रार्थी**

**बनाम्**

1. अमरसिंह पुत्र सुरजाराम जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
2. गीता देवी पुत्री सुरजाराम जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
3. बनवारीलाल पुत्र सुरजाराम जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
4. मनफूल पुत्र सुरजाराम जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
5. रामजीलाल पुत्र सुरजाराम जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
6. इन्द्राज पुत्र अमीलाल जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
7. कालुराम पुत्र अमीलाल जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
8. प्रभूराम पुत्र अमीलाल जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
9. विद्या देवी पत्नी अमीलाल जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
10. समेस्ता पुत्री अमीलाल जाति सोनी निवासी चिलकनी हाल ऐलनाबाद जिला सिरसा।
11. ओम प्रकाश पुत्र पतराम जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
12. मनीराम पुत्र पतराम जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
13. साहबराम पुत्र पतराम जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
14. श्रीभगवान पुत्र हरिसिंह जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
15. पुष्पा पुत्री रामेश्वर जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
16. इन्द्रपाल पुत्र प्रमेश्वरी जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
17. कुलदीप पुत्र प्रमेश्वरी जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
18. भूपसिंह पुत्र प्रमेश्वरी जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
19. लक्ष्मी पुत्री प्रमेश्वरी जाति सुनार निवासी चिलकनी हाल सिरसा।
20. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

– **अप्रार्थी**

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 18:01:22 IST
Reason: SelfAttested

**<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए आरटीएक्ट</u>**

उपस्थिति :– श्री [illegible] कुमार गोदारा अधिवक्ता प्रार्थी

<u>निर्णय</u> दिनांक 21.06.2023

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया की रोही मौजा 3 बारानी तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2073–2076 के खाता संख्या 392/330 के कुल खसरे 27 का कुल क्षेत्रफल 4.1870 है0 कृषि भूमि सायल व गैरसायल संख्या 11 ता 15 व प्रमेश्वरी पुत्री पत्नी पतराम के नाम मुश्तरका भूमि दर्ज है तथा प्रमेश्वरी पत्नी पतराम का स्वर्गवास हो चुका है जिनके वारिस गैरसायल संख्या 16 ता 19 है।

रोही मौजा 3 बारानी तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के खाता संख्या 231/185 के कुल खसरे 22 का कुल क्षेत्रफल 4.1460 है0 भूमि गैरसायल संख्या 1 ता 10 की शामिल खाते की भूमि दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

सायल के अपनी कृषि भूमि में जाने के लिए उक्त रास्ता के अलावा आवागमन हेतु कोई स्वीकृशुदा रास्ता नहीं है। यह सबसे नजदीकी व सुविधाजक रास्ता है। सायल व गैरसायलान अपनी भूमि में प्रवेश करने के लिए आपसी सहमति से राजस्व रिकार्ड में रास्ता दर्ज करवाना चाहते है इस रास्ता से सायल व गैरसायलान को अपनी कृषि भूमि में प्रवेश करने पर सुविधा होगी।

सायल अपने खते के प0 नं0 321/360 (318) के किला नं. 3/1 की 0.0130 है0 भूमि व गैरसायल संख्या 1 ता 10 के खेत प0 नं0 321/360 (318) के किला नं. 8/2 के मिन उत्तर की 0.0130 है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत करवापाने का अधिकारी है।

प्रार्थना पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। नोटिस तामिल होने के उपरान्त अप्रार्थीगण स0 1 ता 19 की तरफ से अधिवक्ता श्री सुबोध शर्मा ने वकालतनामा पेश किया एवं जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया जाकर निवेदन किया की प्रार्थी का प्रार्थना पत्र मुताबिक अनुतोष स्वीकार किया जाता है तो प्रतिवादीगण स0 1 ता 19 को कोई एतराज नही है।

पत्रावली प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष 2023 कैम्प कोर्ट में पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी ने निवेदन किया की उक्त रास्ता के संबंध में प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण सहमत है अर्थात प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में किसी को कोई एतराज नही है। अधिवक्ता प्रतिवादीगण ने भी प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए उक्त रास्ता गै0मु0 दर्ज करने हेतु निवेदन किया।

हमने उभयपक्षों को सुना एवं पत्रावली तथा संलग्न दस्तावेजों को अवलोकन किया। पत्रावली में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा 3 बारानी तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2073–2076 के खाता संख्या 392/330 के कुल खसरे 27 का कुल क्षेत्रफल 4.1870 है0 कृषि भूमि सायल व गैरसायल संख्या 11 ता 15 व प्रमेश्वरी पुत्री पत्नी पतराम के नाम मुश्तरका भूमि दर्ज है तथा प्रमेश्वरी पत्नी पतराम का स्वर्गवास हो चुका है जिनके वारिस गैरसायल संख्या 16 ता 19 है रोही मौजा 3 बारानी तहसील नोहर

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Signature Not Verified
Digitally signed by: Satya Narayan
Date: 2023.12.21 18:01:22 IST
Reason: SelfAttested

के जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के खाता संख्या 231/185 के कुल खसरे 22 का कुल क्षेत्रफल 4.1460 है0 भूमि गैरसायल संख्या 1 ता 10 की शामिल खाते की भूमि दर्ज राजस्व रिकार्ड है। सायल अपने खते के प0 नं0 321/360 (318) के किला नं. 3/1 की 0.0130 है0 भूमि व गैरसायल संख्या 1 ता 10 के खेत प0 नं0 321/360 (318) के किला नं. 8/2 के मिन उत्तर की 0.0130 है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत करवाना चाहता है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को प्रतिवादी स0 1 ता 19 द्वारा जरिये अधिवक्ता स्वीकार किया जाकर जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया गया है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तो उन्हें कोई एतराज नही है।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नोहर को आदेशित किया जाता है कि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन न हो तो वे प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण संख्या 11 ता 19 के खेत के प0 नं0 321/360 (318) किला नं. 3/1 की 0.0130 है0 भूमि व गैरसायलान संख्या 1 ता 10 के खेत के प0 नं0 321/360 (318) के किला नं. 8/2 के मिन उत्तर की 0.0130 है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में बतौर गै0मु0 रास्ता अमल दरामद किया जावें। तहसीलदार नोहर को निर्णय की प्रति प्रेषित कर पालना हेतु पृथक से लिखा जावें।

निर्णय आज दिनांक 21/6/23..... को प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2023 में मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर नोहर
प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष–2023
कैम्प कोर्ट– मलवानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 18:01:22 IST
Reason: SelfAttested